>

Title: Regarding pollution caused by Iron factories in Kodarma district, Jharkhand - Laid

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा): झारखण्ड राज्य के कोडरमा जिले के चंदवारा क्षेत्र में पर्यावरण एवं प्रदूषण संबंधी सभी नियमों को ताक पर रखकर आयरन फैक्ट्रीज द्वारा प्रदूषण फैलाकर प्रकृति को लगातार नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहा है । यह फैक्ट्री पर्यावरण को नुकसान किये जाने के आरोप सिद्ध होने के बाद कुछ वर्ष पूर्व बंद करा दी गयी थी लेकिन इसे पुनः चालू करा दिया गया है। पुनः अनुमति मिलने के बाद अभी स्थिति अत्यन्त ही भयावह हो गयी है । स्थानीय नागरिक तथा खासकर महिला वर्ग ने इसे बंद कराये जाने की मांग की है । फैक्ट्री के प्रदूषण से स्थानीय नागरिकों, बच्चों तथा महिलाओं को सांस संबंधी गंभीर बीमारी का शिकार होना पड़ रहा है । खेती तथा फसल को भी क्षति पहुंचायी जा रही है । साथ ही फैक्ट्री के अन्दर बाल श्रम कराये जाने की भी शिकायत मिलती रही है ।

अतः जनहित में भारत सरकार से मांग है कि लोगों के स्वास्थ्य एवं फसल आदि को सुरक्षित रखे जाने हेतु आयरन फैक्ट्रीज को तत्काल प्रभाव से बंद कराने हेतु केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उच्चस्तरीय टीम भेजकर जांच करायी जाये एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जाये ।